पश्चिमी घाट एशिया का चौथा सर्वश्रेष्ठ पर्यटक स्थल : लोनली प्लैनेट

चर्चा में क्यों?

हिमालय से भी पुराने तथा अपने समृद्ध और अद्वितीय वनस्पतियों एवं जीवों के लिये प्रसिद्ध पश्चिमी घाट ने लोनली प्लैनेट द्वारा ज़ारी की गई सूची "2018 बेस्ट इन एशिया" (जो पूरे वर्ष के दौरान महाद्वीप में पर्यटन के लिये 10 सर्वश्रेष्ठ स्थलों का संग्रह है) के शीर्ष पाँच में जगह बनाई है।

महत्त्वपूर्ण बिंदु

- पश्चिमी घाट ने इस सूची में चौथा स्थान हासिल किया है।
- विशेषज्ञों के पैनल ने बुसान, दक्षिण कोरिया, उज्बेकिस्तान और हो ची मिन्ह सिटी (Ho Chi Minh City), वियतनाम को पहले तीन स्थानों पर रखा है।
- नागासाकी, जापान, चियांग माई, थाईलैंड, लुंबिनी, नेपाल, अरुगम बे (Arugam Bay), श्रीलंका, सिचुआन प्रांत (Sìchuan Province), चीन और कोमोडो नेशनल पार्क (Komodo National Park), इंडोनेशिया पश्चिमी घाटों के बाद सूचीबद्ध पर्यटन स्थल हैं।
- इस रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया है कि नीलकुरिंजी फूल (Strobilanthes kunthiana) जो प्रत्येक 12 वर्षों के बाद खिलता है वह भी मुन्नार हिल स्टेशन में इस बार खिलने लगा है।

पश्चिमी घाट के बारे में

- पश्चिमी घाट सर्वोत्तम जैव विविधता के लिये जाना जाता है तथा यूनेस्को की सूची में शामिल विश्व धरोहरों में से एक है।
- पश्चिमी घाट फूलदार पौधों की 7,402 प्रजातियों, गैर-फूलदार पौधों की 1,814 प्रजातियों, स्तनपायी जीवों की 139 प्रजातियों, 508 पक्षी प्रजातियों, 179 उभयचर प्रजातियों, 6000 कीट प्रजातियों और 290 ताज़े पानी की मछली की प्रजातियों के जीवन को संरक्षण प्रदान करता है।
- इस स्थल की उच्च पर्वतीय वन पारिस्थितिकी प्रणालियां भारतीय वर्षाकालिक मौसम पैटर्न पर प्रभाव डालती हैं।
- यहाँ उच्च स्तर की असाधारण जैविक विविधता और स्थानिकता भी है तथा इसे विश्व की जैविक विविधता के आठ "आकर्षण केंद्रों" में से एक के रूप में जाना जाता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/western-ghats-bags-fourth-best-tourist-spot-in-lonely-planets